भोपाल, शुक्रवार
09
मई 2025

# Sahaj yog news

Youtube-sahaj yog news

वर्ष : 01 | अंक : 25 rakeshthakur93346@gmail.com Whatsapp No : 8517002540 DigitalEpaper:sahajyognews.com



सारे संसार का कल्याण हो, सारे संसार का हित हो। सारे संसार में प्रेम का राज्य हो। उसके लिए मेरा दीप जलने दो। उसमें ये शरीर मिटने दो। उसमें ये मन लगने दो। उसमें ये हृदय खपने दो।

सुन्दर से सुन्दर बातें सोच करके उसे परमात्मा से मांगें। जो कुछ भी सुन्दर है, वही ही माँगो तो मिलेगा। *तुम असुन्दर माँगते हो तो भी वो दे देता है, बेकार माँगते हो तो भी वो दे ही देता है। लेकिन जो असली है उसे माँगो, तो क्या वो नहीं देगा

ऊपरी तौर पर नही अंतरिक होकर माँगे🌹

🌹🙏🌹 परमपूज्य श्री माता श्री निर्मला देवी

1 फ़रवरी 1975 मुंबई





**Sahaj yog news** चैनल द्वारा भोपाल में 9 मई को सुबह 11 बजे सामूहिक प्रेयर प्रार्थना की जाएगी और विश्व के सभी सहज योगी सामूहिक बंधन देंगे कि पाकिस्तान के सभी आतंकवादी नष्ट हो जाएं और हमारे जवानों की आदिशक्ति मां रक्षा करें। आज 11बजे **mp nagar** भोपाल



**कोई सी भी ऐसी बीमारी नहीं जो सहजयोग ठीक नहीं कर सकता। कोई सी भी ऐसी विपत्ति नहीं,जो दूर नहीं हो सकती।हर तरह की मुश्किलें दूर हो सकती हैं,लेकिन पाने के बाद श्रद्धा होनी चाहिए..जो अंधी श्रद्धा नहीं है।**(आदिशक्ति श्रीमाताजी निर्मला देवी-महादेवी पूजा,कलकत्ता-1986)



**Editor in chief Rakesh Thakur**

आज live रहेंगे। Mp nagar bhopal से शाम 6 बजे से live बंधन मेडिटेशन और प्रेयर के लिए। Mob. 8517002540

# भोपाल का आशाराम चौराहा-एयरपोर्ट रोड 10 लेन होगा

## हलालपुरा बस स्टैंड तक बढ़ सकता है एलिवेटेड ब्रिज ; रेलवे की देरी पर भड़के विधायक

**भोपाल।** भोपाल में गांधीनगर स्थित आशाराम चौराहा से एयरपोर्ट रोड 10 लेन होगा। गुरुवार को विधायक रामेश्वर शर्मा निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या बायपास से गांधीनगर आशाराम चौराहा तक 8 लेन बन रहा है, लेकिन एयरपोर्ट का मुख्य मार्ग होने की वजह से 10 लेन किए जाने की मांग केंद्रीय मंत्री से की थी। इसके बाद एनएचएआई इसे 10 लेन बनाएगा। विधायक शर्मा ने गुरुवार को कई इलाकों में पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। लालघाटी पहुंचे विधायक शर्मा ने कहा कि लालघाटी पर बने ग्रेड सेपरेटर के दूसरा हिस्सा जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा रुकवा दिया गया था, उस प्रस्ताव को दोबारा तैयार करने को कहा है। इस संबंध में वे जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया, जल्द ही लालघाटी से एयरपोर्ट रोड सिंगारचोली ROB के नीचे सर्विस



रोड को व्हाइट टॉपिंग तकनीक से बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अधिकतम चौड़ाई के साथ सर्विस रोड का निर्माण करें। साथ ही इस सर्विस रोड में आने वाले बिजली के खंभों को शिफ्ट किया जाए।

**एलिवेटेड के पियर्स अगस्त तक बना दें** -विधायक शर्मा ने बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) में 305 करोड़ से 3.5 किलोमीटर बन रहे एलिवेटेड ब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से इसके पियर्स इसी अगस्त तक बनाने को कहा। ताकि, बारिश और व्यवसायिक सीजन में राहगीरों-व्यापारियों को परेशानी न हो। एसडीएम रविशंकर राय समेत पीडब्ल्यूडी, नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद थे।

**सीवेज लाइन शिफ्टिंग को लेकर भी निर्देश** - विधायक ने संत नगर बस स्टैंड से सिविल अस्पताल के आगे तक सीवेज लाइन जल्द से जल्द शिफ्ट करने के निर्देश संबंधितों को दिए। कहा कि इस एलिवेटेड को हलालपुर बस स्टैंड तक आगे बढ़ाए जाने पर भी विचार किया जा रहा है। जिससे शादी गार्डनों के सामने लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिल सकेगी।

संत हिरदाराम नगर के फाटक रोड पर बने रहे आरओबी निर्माण का अवलोकन करने पहुंचे विधायक शर्मा रेलवे के अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग पिछले कई महीने से अपना काम पूरा करके बैठा है। आप अपने हिस्से का काम पूरा करने की एक नई तारीख दे देते हैं। ये गलत है। नागरिकों ने अपने व्यापार-व्यवसाय रोक कर सहयोग किया है। नगर का एकमात्र श्मशान घाट आने में नागरिकों को दिक्कत हो रही है। ये ठीक नहीं है। रेलवे अधिकारियों ने आगामी अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। यदि रेलवे अक्टूबर तक कार्य पूर्ण कर देता है तो नवंबर अंत तक यह आरओबी का शुभारंभ किया जा सकेगा।



# तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लीजिए, कौशल सीखिए एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनिए -मंत्री परमार

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर तैयार विस्तृत मार्गदर्शिका का विमोचन किया। इस अवसर पर आयुक्त तकनीकी शिक्षा श्री अवधेश शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु सतत प्रयत्नशील है। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन के लिए एक विस्तृत मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें पाठ्यक्रमों की जानकारी, पात्रता एवं प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया उपलब्ध है। मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए, उन्हें कौशल आधारित इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए आमंत्रित किया है। मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों से कहा कि उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लीजिए, कौशल सीखिए एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनिए। मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएँ भी प्रेषित की है।

# जेपी अस्पताल में वर्चुअल कोर्ट पेशी की शुरुआत

## डॉक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दी गवाही, प्रदेशभर में अपनाया जाएगा यह मॉडल

**भोपाल।** भोपाल में गुरुवार जयप्रकाश (जेपी) जिला अस्पताल में पहली बार एक डॉक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि चतुर्वेदी ने साक्षी के रूप में वर्चुअल माध्यम से अदालत की कार्यवाही में भाग लिया। यह इस लिहाज से भी खास रही कि यह किसी जिला अस्पताल से न्यायालय में वर्चुअल पेशी का पहला मामला है। अब तक डॉक्टरों को किसी न्यायिक कार्यवाही में शामिल होने के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत पहुंचना पड़ता था, जिससे उनके नियमित चिकित्सा कार्य, विशेषकर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं, प्रभावित होती थीं। लेकिन अब यह बाध्यता खत्म होने जा रही है। भोपाल का जेपी अस्पताल मध्यप्रदेश का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां डॉक्टरों के लिए वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा औपचारिक रूप से शुरू की जा रही है।

**मरीजों को भी मिलेगा**



**फायदा**-इस सुविधा की शुरुआत के साथ डॉक्टरों को अब न्यायालयों में पेशी के लिए अस्पताल से छुट्टी लेकर दूरदराज के शहरों या जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। वे अस्पताल परिसर से ही ऑनलाइन माध्यम से गवाही दे सकेंगे या अन्य न्यायिक कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। इससे न केवल डॉक्टरों का कीमती समय बचेगा, बल्कि मरीजों को भी उनके इलाज में कोई व्यवधान नहीं आएगा।

**कोर्ट के निर्देश पर शुरू हुई डिजिटल पेशी** -स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह पहल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत शुरू की गई है। विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों से यह जानकारी मांगी है कि कहां-कहां डिजिटल पेशी के लिए आवश्यक अधोसंरचना तैयार हो चुकी है और कहां पर यह कार्य लंबित है। भविष्य में इस सुविधा को प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में लागू किया जाएगा। इस कड़ी में जेपी अस्पताल में अधीक्षक कक्ष के बगल में एक आधुनिक डिजिटल कॉन्फ्रेंस हॉल तैयार किया गया है।

**यह होगा फायदा**

-अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़ेगा

-ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी चालू

-कोर्ट में समय पर गवाही भी दर्ज होगी

मरीजों को भी मिलेगा समय पर इलाज नई व्यवस्था मानसिक दबाव से दिलाएगी राहत जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह तकनीकी नवाचार न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित होने से बचाएगा, बल्कि न्यायिक प्रणाली की दक्षता और चिकित्सा सेवा की उपलब्धता के बीच संतुलन भी स्थापित करेगा।

# एम्स से 3 मिनट में मरीज हो सकेंगे एयर-लिफ्ट

## बीयू से मरीज लेकर एयर एम्बुलेंस ने भरी उड़ान ; मॉक ड्रिल ने बढ़ाई इलाज की स्पीड

**भोपाल।** चिकित्सा आपातकाल के समय हर सेकेंड कीमती होता है और अगर सही समय पर इलाज मिल जाए तो जिंदगी बचाई जा सकती है। इसी सोच के साथ भोपाल में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा को और अधिक कुशल और त्वरित बनाने के लिए विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल में डमी मरीज को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय (बीयू) परिसर में बने हेलीपैड से एयर लिफ्ट किया गया। इससे पहले एयर एम्बुलेंस भोपाल के राजाभोज विमानतल से उड़कर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय पहुंची और वहां सुरक्षित लैंडिंग की गई। इस पूरे अभ्यास का उद्देश्य यह था कि आपात स्थिति में एम्स जैसे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल से निकटवर्ती हेलीपैड से मरीज को तत्काल उड़ान के लिए कैसे तैयार किया जाए और समय की बर्बादी के बिना उसे उन्नत उपचार केंद्र तक कैसे पहुंचाया जाए।

**एम्स से 3 मिनट में मरीज हो सकेंगे एयर-लिफ्ट** -एम्स भोपाल जैसे मॉडर्न अस्पताल से



मरीजों को रेफर कर या दूसरे जिलों से लाकर इलाज के लिए यहां लाया जाता है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का हेलीपैड एम्स से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसे ग्रीन कॉरिडोर के ज़रिए तीन से चार मिनट में पार किया जा सकता है। ऐसे में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर एम्स या अन्य उच्चस्तरीय केंद्रों तक पहुंचाना अब और भी आसान हो जाएगा।

**दुर्घटनाओं में जीवनरक्षक**- पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। यह सेवा राज्य के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में भी तत्काल पहुंचकर गंभीर मरीजों को प्राथमिक स्थिरता प्रदान कर उन्हें इलाज के लिए एयर लिफ्ट करने का काम करती है। सड़क दुर्घटनाओं, औद्योगिक हादसों और प्राकृतिक आपदाओं में यह सेवा अब तक कई जानें बचा चुकी है।

**आगे भी होंगी मॉकड्रिल**- सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह प्लानिंग करना था कि वास्तविक परिस्थितियों में समय कैसे बचाया जा सकता है। मरीज को सुरक्षित, तेज और व्यवस्थित ढंग से इलाज के लिए कैसे भेजा जा सकता है। भविष्य में इसी तरह की और मॉक ड्रिल की योजना है, जिससे पूरे सिस्टम को और मजबूत बनाया जा सके। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का मूल उद्देश्य ही कठिन परिस्थितियों में भी तेजी से पहुंचकर जीवन बचाना है।

# हमीदिया अस्पताल से फरार हुआ कुख्यात कैदी

## आंखों के इलाज के लिए लाया गया था, हथकड़ी से हाथ निकाल भागा

**भोपाल।** भोपाल सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा रेप का सजायाफ्ता कैदी अमर उर्फ गुड्डू



शुक्रवार सुबह हमीदिया अस्पताल से फरार हो गया। कैदी अस्पताल में आंखों की जांच के लिए लाया गया था, जहां वह हवालदार की निगरानी में मौजूद था। सुबह करीब 11 बजे मौका देखकर उसने हथकड़ी से हाथ निकाला और भाग खड़ा हुआ। अमर वर्ष 2017 से नाबालिग से बलात्कार के मामले में दोषी करार दिया गया था और कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वह पिछले कई वर्षों से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद था। बताया जा रहा है कि उसकी आंखों में वाइटनेस की समस्या थी, जिसके चलते उसे फॉलोअप चेकअप के लिए हमीदिया अस्पताल लाया गया था।

**फरारी के बाद पुलिस महकमे में मचा हड़कंप, शहर में नाकेबंदी**-कैदी के फरार होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एएसपी राकेश भांगरे के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही शहरभर में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। आरोपी का पुराना पता हबीबगंज थाना क्षेत्र के मानसरोवर झुग्गी में बताया गया है, जहां पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अमर उर्फ गुड्डू की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दी है और जल्द ही उसे पकड़ने का दावा किया गया है।

# रोहित नगर, आकृति ईको सिटी में आज बिजली कटौती

**भोपाल।** भोपाल के करीब 35 इलाकों में शुक्रवार को 1 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। यहां बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें रोहित नगर, आकृति ईको सिटी, बर्रई, रापड़िया, बागली रोड जैसे कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में परेशानी से बचने के लिए लोग अपने जरूरी काम पहले ही निपटा लें।

**इन इलाकों में पड़ेगा असर**-सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक एवं शाम 4 से 5 बजे तक राज दानिश नगर, रोहित नगर, सागर इडन गार्डन, कुंजन नगर एवं आसपास। सुबह 6 से 7 बजे तक एवं शाम 4 से 5 बजे तक साधना इन्क्लेव, आईईएस कॉलोनी, स्ट्रालिंग, रजत विहार, भेल संगम, आदि परिसर, वैष्णो परिसर एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 3.30 बजे तक सहारा



कॉलोनी, आकृति इको सिटी, 11 मिल टावर, श्री राधाकृष्ण रेजीडेंसी, नंदी चौराहा एवं आसपास के क्षेत्र। सुबह 10 से 11 बजे तक रापड़िया, बर्रई, जागरिया खुर्द एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक नरेला हनुमंत, गुरारी घाट, रतनपुर सड़क, पिपलिया केशो, सेज ग्रीन सिटी, ऑस्ट्रिया कॉलोनी एवं आसपास के इलाके। दोपहर 12 से 12.30 बजे तक फॉरच्यून डिवाइन सिटी, बागली रोड, गोल्डन अनंता एवं आसपास।

# विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत करें उपयोग - मंत्री चौहान

**भोपाल।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि विभाग में जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग करें। आवंटित बजट का उपयोग शासन की मंशानुरूप अनुसूचित वर्ग के नागरिकों के कल्याण में किया जाए। यह बात मंत्री श्री चौहान ने गुरुवार को मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2025- 26 में बजट प्रावधान एवं व्यय की समीक्षा के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रमुख सचिव श्री ई. रमेश कुमार, आयुक्त श्री धनंजय भदौरिया, अपर आयुक्त संजय वार्ष्णेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनुसूचित जाति विभाग अंतर्गत छात्रावासों में रिक्त सीटों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा आगामी मई एवं जून माह में छात्रावासों की रिक्त सीटें भरने के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि



छात्रावास अधीक्षकों की कार्यशाला का आयोजन भी आगामी माह किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या हो एवं पढ़ाई का स्तर भी प्रतियोगी परीक्षाओं के बदलते स्वरूप के अनुरूप हो, जिससे अनुसूचति जाति वर्ग के अधिक विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सफल हो सके। उन्होंने कहा कि संभागवार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की मांग के अनुसार कार्य योजना बनायी जाए।

मंत्री श्री चौहान के कहा कि इस वित्तीय वर्ष में बजट के संपूर्ण व्यय की माइक्रो प्लानिंग कर बजट खर्च किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में जन-प्रतिनिधियों की मांगो का भी अनुसरण करें।

# भोपाल में नगर निगम कर्मचारी ने की आत्महत्या

## पत्नी की आदतों से था परेशान

**भोपाल।** भोपाल के सूखी सेवनिया इलाके में बुधवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अमर अहिरवार (32) के रूप में हुई है, जो नगर निगम में माली का काम करता था।



आत्महत्या की सूचना स्थानीय लोगों ने खिड़की से झांकने के बाद पुलिस और परिजनों को दी। मृतक के बड़े भाई अनिल अहिरवार ने बताया कि अमर पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में था। फरवरी महीने से उसकी पत्नी अपने मायके में रह रही थी और आए दिन केस करने की धमकी देती थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फिलहाल परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

**भाई बोला- भाभी करती थी ब्लैकमेल**-अनिल के अनुसार, भैया बहुत परेशान रहते थे। उन्होंने कई बार मुझसे कहा था कि उनकी पत्नी उन्हें ब्लैकमेल करती है और किसी बात की इज्जत नहीं करती थी। अनिल ने बताया कि अमर की पत्नी ने एक दिन पहले अमर को फोन कर बच्चे को ले जाने के लिए कहा, जिसके बाद अमर तीन साल के बेटे को अपने पास ले आया। इसके बाद पत्नी ने फिर फोन कर कहा कि बच्चा वापस लेकर आओ, लेकिन जब अमर उसे लेकर पहुंचा, तो वहां कोई नहीं मिला। बुधवार को अमर एक शादी समारोह में गया था, जिसके बाद वह सीधे घर लौट आया। शाम करीब 7-30 बजे पड़ोसियों ने खिड़की से देखा कि अमर का शव फंदे से लटका हुआ है।

# पानी, सड़क-स्ट्रीट लाइट नहीं, आंदोलन की चेतावनी

## भोपाल में 63 साल पहले बसा था पटेल नगर ; अब तक सुविधाएं नहीं मिली

**भोपाल।** भोपाल के पटेल नगर के लोगों ने पानी, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ये कॉलोनी 63 साल पहले साल 1962 में बसाया गया था। वर्तमान में यहां 5 हजार से अधिक लोग रह रहे हैं। पटेल नगर 90 एकड़ में ए से एफ-6 सेक्टर तक बसा है। रायसेन रोड पर होने के बावजूद कॉलोनी के लोग पानी, सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

**सड़कों की हालत बदहाल, पार्क भी उजड़े** -रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों पर धूल उड़ रही है। उजड़े पार्कों में अब असामाजिक तत्वों का कब्जा है। कॉलोनाइजर ने विकास कार्यों की अनदेखी ही नहीं की, बल्कि कॉलोनी के लिए छोड़ी गई सुविधाओं की भूमि को भी बेचा जा रहा है।

**14 महीने पहले बनी संस्था, अब करेगी आंदोलन**-रहवासियों ने 14 महीने पहले एक रहवासी



संस्था का गठन किया था, लेकिन संस्था के चुनाव नहीं होने दिए जा रहे हैं। इसे लेकर मंत्री, विधायक और विभागीय अधिकारियों से शिकायतें की जा चुकी है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि पटेल नगर के रहवासी अब जाग चुके हैं। अब न झूठे वादे चलेंगे और न बहाने। अपने हक के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उपाध्यक्ष मनीष उपाध्याय, वरिष्ठ सदस्य जीपी मिश्रा, रमेशकुमार तिवारी ने बताया कि सुविधाओं के लिए आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं। इसके लिए बैठकों का दौर भी जारी है।

**लोग बोले- परेशान हो रहे** - रहवासी चित्रा झा ने बताया कि धूल भरी सड़कों पर बच्चों और बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है। पानी की सुविधा भी नहीं है। ऐसे में परेशान हो रहे हैं। अंजू आचार्य का कहना है कि उजड़े पार्कों और अंधेरी गलियों में रात के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। सुषमा दुबे ने बताया, सुविधाओं के लिए जिम्मेदारों से कई बार गुहार लगा चुके हैं। बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। इसलिए आंदोलन में शामिल होंगे। अर्चना चतुर्वेदी, नंदलाल साहू, केएम विष्णु, अरविंद सचान, गीता डोंगरे ने भी सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही है।

# भोपाल में चलती ट्रेन में चढ़ रही महिला फिसली

## आरपीएफ जवान ने दौड़कर बचाई जान मैनेजर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खड़ी हमसफर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 20481) सुबह करीब 9-02 बजे रवाना हो रही थी। तभी एक 35 साल की महिला उस ट्रेन के एसी कोच B7 में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। ट्रेन धीरे-धीरे चल रही थी, लेकिन हाथ में सूटकेस होने की वजह से महिला का बैलेंस बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म पर फिसलने लगी। महिला के फिसलते ही वहां मौजूद रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह और आरक्षक अनिल शर्मा तुरंत दौड़े और उसे पकड़कर प्लेटफॉर्म की ओर खींच लिया। नहीं तो महिला ट्रेन के नीचे आ सकती थी। घटना के दौरान ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाई और ट्रेन को रोक दिया। इससे महिला सुरक्षित बच गई, बाद में उसे कोच में चढ़ाया गया।

**चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें** -रेल प्रशासन ने RPF के दोनों जवानों और ट्रेन मैनेजर की सतर्कता की तारीफ की है। भोपाल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि हमारे लिए यात्रियों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि चलती हुई ट्रेन में कभी भी चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, क्योंकि यह जान के लिए खतरा हो सकता है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। यात्रियों से भी सहयोग की अपील की गई है, जिससे यात्रा सुरक्षित और आसान हो सके।

# 10 वी बोर्ड परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर सेदरी क्षेत्र में रहा प्रथम

## उज्जैन ग्रामीण 77 योगेन्द्र मेहता ने 93 .6 प्रथम और रणवीर सिंह राठौर ने 92 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**उज्जैन।** विद्या भारती उज्जैन जिला ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला उज्जैन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेदरी के भैया बहिनों ने कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र में प्रथम स्थान पर रहा ।विद्यालय की कक्षा 10 वी के भैया योगेन्द्र पिता संतोष मेहता ने 93.8 प्रतिशत (468/500) अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र,संकुल तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रणवीर सिंह पिता गट्टूसिंह राठौर ने 92.8 प्रतिशत (464/500)अंक प्राप्त कर संकुल तथा विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया ।तीसरे स्थान पर संजय पिता बिहारीलाल अटोलिया ने 89.6 प्रतिशत (448/500) अंक प्राप्त किए ।चौथे स्थान पर योगिता पिता भगवतीलाल पांचाल ने 89.4 प्रतिशत (447/500) अंक प्राप्त किए। पांचवे स्थान पर कीर्तिराजसिंह पिता खुशालसिंह राठौर ने 88.2 प्रतिशत (441/500), छठे स्थान पर हर्ष पिता रामनिवास मेहता ने 87.6(438/500) , सातवें स्थान पर प्रहलाद पिता दिनेश सालित्रा 86.4 (432/500) , आठवें स्थान पर संजना पिता कन्हैयालाल अटोलिया 85.8(429/500), नवे स्थान पर रजनी पिता ईश्वरलाल चंद्रवंशी 85.6(428/500) , दसवें स्थान पर दिव्या पिता समरथ




सालित्रा ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ममतेश पिता घनश्याम खमोरिया ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता पिता को गौरवान्वित किया। साथ ही बहिन जया पिता गोपालप्रसाद अटोलिया ने 75.4 प्रतिशत, सुमित पिता चंद्रप्रकाश पोरवाल ने 74.8 , अंकित पिता राकेश भंडारी ने 72.8 , युवराज पिता भेरूसिंह पंवार ने 72, प्रियंका पिता परमानन्द मालवीय ने 71.2 , कन्हैयालाल पिता रामकिशन जाटविया ने 64.2, मनीष पिता ओमप्रकाश वर्मा ने 62, रितेश पिता नागुराम पांचाल ने 60, कृष्णा पिता विष्णुलाल वाक्तरिया ने 56.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए ।कक्षा 10वी का परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें 20 में से 20 छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। 11भैया बहिनो ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है। भैया रणवीर सिंह राठौर ने गणित विषय में 99 अंक प्राप्त किए। सभी भैया बहनों को उनके सर्वश्रेष्ठ परिणाम पर विद्यालय के आचार्य परिवार ने मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की ।विद्यालय का परिणाम लगातार 2 वर्षों से क्षेत्र और संकुल में प्रथम स्थान पर रहा है। विद्यालय के भैया बहिनों की इस उपलब्धि पर जिला समिति अध्यक्ष रामेश्वर सेकवाड़िया, जिला समिति सदस्य गोवर्धनलाल बंबोरिया,जिला प्रमुख राजपाल सिंह पंवार, संयोजक राजाराम सेकवाडिया, संकुल सह संयोजक पंकज अटोलिया, हाई स्कूल अध्यक्ष भंवरलाल रड़वाडिया, सदस्य मुकेश नायमा, प्रहलाद ढोढरिया, गोविंद सालित्रा, कन्हैयालाल अटोलिया, रामनिवास ढोढरिया, परमानंद सालित्रा, प्रभुलाल चौहान, प्राचार्य अशोक पाटीदार, कार्यालय प्रमुख अर्जुन सालित्रा, वरिष्ठ आचार्य पुष्कर पाटीदार, कैलाश गरगामा, वासुदेव वाक्तरिया, कुलदीप परमार, टीना सेन, कविता राठौर, राधा बैरागी, यशोदा मदारिया, जया वाक्तरिया, मनीषा पाटीदार, ज्योति सागीत्रा, साधना बैरागी, मलखान सिंह डोडिया, संकुल के प्रधानाचार्य,आचार्य परिवार, संयोजक मंडल,अभिभावकगण, ग्रामवासियों, शिक्षकगण, पूर्व छात्रों द्वारा बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# लोक निर्माण विभाग एवं ठेकेदार ने नाले की जगह सड़क बना दी

**इंदौर**. इंदौर जिले के गांव हरसोला के किसानों के विरोध के बावजूद लोक निर्माण के अधिकारियों एवं ठेकेदार ने मिलकर वर्षों पुराने नाले की जगह सड़क और सड़क की जगह नाला बना दिया है मामला राऊ सर्कल से हरसोला गांव आने वाले मार्ग का हे जिसका निर्माण जंगल क्षेत्र में कॉलोनी फार्म हाउस निर्माण करने वाले माफियाओं के इशारों पर नेताओं ने करवाया है पर इसमें किसानों की नहीं सुनी गई घर बारिश के दौरान पानी ज्यादा आया तो फसलों को नुकसान होगा द्य 6 किलोमीटर मार्ग का निर्माण कार्य 2 वर्षों से जारी है ठेकेदार मैं एक वर्ष तक तो काम बंद रखा उसके बाद शुरू हुआ तो नाले की जगह सड़क और सड़क की जगह नाले का निर्माण 100 मीटर के दायरे में कर दिया गांव के सरपंच श्री विष्णु हांरोड ने बताया कि निर्माण को लेकर ठेकेदार व अधिकारियों से चर्चा



की पर उन्होंने अपनी मनमानी की इस मामले की शिकायत लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से भी की इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका एक ही कहना था निर्माण सही हुआ है किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा पानी निकासी के लिए छोटा पुल भी बना दिया गया है यह कार्य तो हो जाएगा पर किसान हर साल अपनी क्षेत्र में फसलों को खराब करते रहेंगे क्या इसका जिम्मेदार कौन होगा यह समय बताएगा पर जनप्रतिनिधि विधायक व अधिकारियों को ईश् और ध्यान देना था .

# थाना राजगढ़ द्वारा बाईक चोरो को पकड़ा गया, बस में बैठकर चोरी करने आते थे

**राजगढ़।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गीतेश कुमार गर्ग द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी में जिले के समस्त थाना प्रभारी को समय-समय पर




निर्देशित किया गया था उक्त संबंध में अनुविभागीय अधिकारी सरदारपुर श्री विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना राजगढ़ द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में निरंतर प्रयास किया जा रहे थे इसी तारतम्य में थाना राजगढ़ को दि 7/5/25 को वाहन चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति को हाईवे चौकड़ी कुक्षी रोड पर टीवीएस कंपनी की रेडॉन बाइक के साथ में रोका गया एवं मोटरसाइकिल के दस्तावेज के संबंध में पूछताछ की गई जो मोटरसाइकिल के वेध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर थाना लाकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर, अपना नाम सोहबत पिता करण सिंह मंडलोई निवासी नहवेल व एक अन्य नाबालिग,दोनों निवासी ग्राम नाहवेल थाना बाग का होना बताया व मोटरसाइकिल के दस्तावेज पूछने पर नहीं होना बताया व पूछताछ करने पर दिनांक 3/5/25 को अपने 3 अन्य साथियों के साथ में लक्ष्मी विहार कॉलोनी राजगढ़ से रात्रि में बाइक चोरी करना कबूल किया, बाइक चोरी की घटना के संबंध में आरोपियों से शक्ति से पूछताछ करने पर तीन अन्य मोटरसाइकिल चोरी करना बताया जो एक क्र15 मोटर साइकिल एरोडम थाना जिला इंदौर, ड्रीम युगा मोटर साइकिल एक महू,किशनगंज थाना इंदौर व HF Deluxe एक मोटरसाइकिल थाना मनावर जिला धार से चोरी करना कबूल किया उत्तर तीन मोटरसाइकिल को आरोपियों द्वारा टांडा घाट में नाले के पास में छुपाना बताया जो पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अन्य मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया । घटना में तीन अन्य फरार आरोपी अजय पिता परम मंडलोई जालम पिता हमीर मंडलोई तथा पिंटू पिता नारायण मईडा तीनों निवासी ग्राम नहवेल थाना बाग के निवासी है जिनकी तलाश पतारसी की जा रही हैं।

# पर्यटन के नक्शे पर छिंदवाड़ा को उभारना हमारी प्राथमिकता - कलेक्टर श्री सिंह

## छिंदवाड़ा टाटा स्ट्राइव से अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग लेने वाले होम स्टे हितग्राहियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**छिंदवाड़ा।** पर्यटन की असीम संभावनाओं से भरे छिंदवाड़ा को देश-प्रदेश में पर्यटन के नक्शे पर उभारना हमारी प्राथमिकमाओं में शामिल है, इसके लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के होम स्टे प्रदेश के लिए मील का पत्थर हैं, यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिले, वे सुरक्षित तरीके से घूम सकें। पर्यटकों को स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन मिले। पर्यटन से रोजगार के अवसर बनें, इस पर लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। यह विचार कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में आयोजित ग्रेजुटए सैरेमनी में व्यक्त किए। अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग लेने वाले हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र देकर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी का हौसाला बढ़ाया। इस अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत,



पर्यटक प्रबंधक गिरीश लालवानी, टाटा स्ट्राइव से सेंटर मैनेजर अरविंद कुमार द्विवेदी, मास्टर ट्रेनर आकाश भारद्वाज व होम स्टे हितग्राही उपस्थित थे।

टाटा स्ट्राइव कौशल विकास केंद्र से छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, चिमटीपुर, बीजाढाना, काजरा, धूसावानी, धगडिया के 129 हितग्राहियों को अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग दी गई थी। इस निःशुल्क ट्रेनिंग के बाद शुक्रवार को कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के हाथों हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र सौंपे गए। इस मौके पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि होम स्टे खुल जाने से ग्रामीण अंचल में पर्यटन बढ़ रहा है और कई परिवारों को घर बैठे रोजगार मिला है और गांवों में आर्थिक गतिविधियां सुदृढ़ हुईं हैं। उन्होंने काजरा व चिमटीपुर के तैयार हो चुके होम स्टे जल्द खोलने के निर्देश दिए। पर्यटन विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड व जिला प्रशासन पर्यटन स्थलों पर सभी सुविधाएं देने, सफाई सहित आसान मार्ग बनाने व उनके विकास के लिए कई स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने होम स्टे के लिए टूर पैकेज बनाने, रेल्वे स्टेशन-बस स्टॉप व आसपास के शहरों में होम स्टे के प्रचार के लिए होर्डिंग्स लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी होम संचालकों से गांवों में आ रही समस्याओं को जाना और तत्काल उन्हें हल करने के निर्देश संबंधित आधिकारियों को दिए। पर्यटन विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस कार्यक्रम में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के अशासकीय सदस्य नागेंद्र गढ़ेवाल, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से सुश्री रीना साहू, परार्थ समिति से मंजरी चांदे, कमलेश यदुवंशी, आकाश सरेयाम, सनोद नागवंशी व अन्य होम स्टे संचालक उपस्थित थे।

# सूर्य वंशी लोनारे कुन्बी समाज के सभी बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक लाकर समाज का नाम रोशन किया, जिला पांढुर्णा ,सौसर 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ

**पांढुर्णा।** समाज का नाम रोशन करने वाली मानसी उपासे ने 10वीं में 96.60% अंक लेकर और एशिका महेश भक्ते ने 10 वीं में 94.40 % अंक लाकर तेजस भक्ते ने 89% भूषण भक्ते 67% 12 वी से गीतेश ज्ञानेश्वर बड़वाइक ने 85 % अंक लाकर समाज शिक्षक माता पिता का नाम रोशन किया इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर सभी ने दी शुभकामनाएं

ग्राम मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा बनी अश्विनी डबले

**रामाकोना-** ग्राम के वार्ड क्रमांक 17 दुर्गा कॉलोनी स्थित स्वर्गीय रामभाऊ जी खंडाईत शिक्षण समिति द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना के छात्र छात्राओं ने कक्षा 10 वी की बोर्ड परीक्षा परिणाम मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया. गुरुवार 6 मई को माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बोर्ड की कक्षा 10 वी एवं 12 वी के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए. जिसमे ग्राम की गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना के छात्र छात्राओं द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया.

**इन छात्र छात्राओं ने किया अच्छा प्रदर्शन** - अश्विनी डबले 96.60% ,मानसी उपासे 96.40% ,येशीका भक्ते, 94.2% ,वेदांश सोनेकर 90.8, अंश श्रीवास्तव 90.2% , तेजस भक्ते 89% , सुशील गुर्वे 87.2त्न, भाग्यश्री कापसे 87% , सय्यम लोहितकर86.2% , अध्ययन चौधरी 84.8% , प्रिया जूनघरे 83.2% , प्रियांशु रुँघे 83.2% , रश्मि धुंडे 82.6% , लोकेश कापसे 82.2% ,धनश्री बरदे 81.6% इनके अलावा और भी 22 छात्र/छात्राएं है जिनका परीक्षा परिणाम 75% से ऊपर है.

**अश्विनी अशोक डबले ने ग्राम मे किया प्रथम स्थान हासिल** - गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना की छात्रा अश्विनी अशोक डबले ने अपनी शाला मे प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ साथ ग्राम रामाकोना मे भी सभी छात्र छात्राओं मे प्रथम स्थान लाकर ग्राम का और अपनी शाला का नाम रोशन किया गया. सभी छात्र छात्राओं की उपलब्धि पर शाला के संचालक सदाशिव खंडाईत, प्राचार्या लक्ष्मी खंडाईत एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की...सौसर नगर एवं आस पास के गांव मे धूम धाम से मनाया गया अनुसुया माता का जन्मोत्सव

**पालकी सोहड़ा, महाप्रसाद वितरण के साथ मनाया गया उत्सव सौसर/रामाकोना** - अनुसूया जयंती, जिसे अनुसूया माता




जन्मोत्सव के रूप में इस वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ सौसर नगर एवं सौसर क्षेत्र के ग्राम बेरडी, रामाकोना, बग्गू बिछुआ,देवी में मनाया गया । सौसर क्षेत्र के ग्राम बेरडी एवं देवी में यह कार्यक्रम माता के मंदिर में तो रामाकोना और बग्गू बिछुआ में पालकी सोहळा के रूप में मनाया गया। इसके साथ साथ सौसर नगर के वार्ड क्रमांक 5 मे हवन पूजन, माता की आरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ मनाया गया. ज्ञात हो की इस वर्ष ऐसा संयोग बन कर आया की सीता नवमी एवं माता अनुसूया जंयती एक ही दिन आने से सौसर क्षेत्र के लिए यह पर्व विशेष रहा । प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता का चौदह वर्ष के वनवास के दौरान कुछ दिन इस क्षेत्र में रुकने के कारण यह दिन विशेष हो गया । प्रभु श्रीराम के रामाकोना में रुकने के साक्ष्य छिंदवाड़ा गजेटियर 1907 में मिलता है । साथ ही मां अनुसूया का भी रामाकोना में तीन बार आने से इस क्षेत्र का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व बढ़ गया । माता अनुसूया रामाकोना में सती अनुसूया माता माध्यमिक शाला के शुभारंभ अवसर पर, पोलें के दुसरे दिन रामाकोना में आयोजित होने वाले रिंगन कार्यक्रम आकर श्रध्दालुओ को दर्शान दिये थे । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार माता अनुसूया ने कन्हान नदी में स्नान करने के पश्चात विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर पहुंची थी फिर रिंगन कार्यक्रम में शामिल हुई थी । पैठन तुल्य श्री तिर्थ क्षेत्र रामाकोना आध्यात्मिक नगरी रामाकोना की धरा प्रभु श्रीराम अनुज लक्ष्मण एवं माता सीता, अनुसूया माता एवं ब्रम्हलिन संत हिरामन महाराज व बंधू ब्रम्हलिन संत वाताजी महाराज के चरणों से पावन हुई है।

**बिछुआ मे मातृशक्ति ने मनाया गया उत्सव** - ग्राम बिछुआ बग्गु मे मीराबाई भक्ते के नेतृव मे 5 मई को हर्षोल्लास के साथ सती अनुसुया माता का जन्मोत्सव पालकी सोहड़ा एवं माता के भजन के साथ मनाया गया.


**संतो की नगरी मे रामाकोना मे निकली पालकी** - संतो की नगरी ग्राम रामाकोना मे हर्षोल्लास के साथ माता अनुसुया का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया. हेमंत जैवार के नेतृत्व मे प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विठ्ठल मंदिर प्रांगण से पालकी महिला भजन मंडलीयों की उपस्थिति मे निकाली गयी जिसको नगर भ्रमण कर देर रात कार्यक्रम का समापन किया गया.

**सौसर मे वार्ड नंबर 5 मे हुआ आयोजन** - सौसर नगर के वार्ड क्रमांक 05 मे अनुसूया माता का जन्मोत्सव के अंतर्गत सुबह हवन पूजन जिसमे कृष्णा खंडाईत सहपत्लिक, सुनील भानगे सहपत्लिक उपस्थित होकर आहुति डाली. शाम को अनुसुया माता की आरती एवं देर रात तक महाप्रसाद का आयोजन, विदेही सती अनुसुया माता जन्मोत्सव समिति द्वारा किया गया समिति के प्रमुख मुकुल खंडाईत ने बताया की यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है प्रतिवर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे.जिसमे सौसर क्षेत्र के विधायक विजय चौरे, पूर्व नपा अध्यक्ष संजय राठी, पूर्व विधायक अजय चौरे, पूर्व नपा अध्यक्ष नंदा सुनील भानगे, कांग्रेस नेता सुनील भानगे, दर्शन झाडे, सौसर के वार्ड पार्षद डॉ सुनील खंडाईत एवं अन्य जनप्रतिनिधियो ने उपस्थिति दी.

# भैंसदेही के परिणय ने दसवीं में मारी बाजी

## वरिष्ठ पत्रकार मनीष राठौर के पुत्र ने की शानदार उपलब्धि

**बैतूल।** वार्ड क्रमांक 10 के निवासी मनीष राठौर के सुपुत्र




परिणय राठौर ने 10वीं कक्षा में 91 प्रतिशत अंक पाकर अपने माता-पिता, परिवारजनों और भैंसदेही का नाम रोशन किया।

**न्यू मॉडर्न स्कूल का नाम रोशन किया-** परिणय राठौर ने न्यू मॉडर्न स्कूल भैंसदेही से पढ़ाई की और 500 में से 455 अंक प्राप्त कर 91 प्रतिशत के साथ 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि से स्कूल के शिक्षकों और छात्रों में खुशी की लहर है।

**सफलता का श्रेय परिणय ने गुरु और माता-पिता को दिया श्रेय** -परिणय ने अपनी सफलता का श्रेय गुरु और माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत और मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था।

**बधाइयों का तांता**

**शुभचिंतकों ने दी बधाइयां-** परिणय के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ स्कूल स्टॉफ, ईष्ट मित्रों, परिवारजनों और पत्रकार बंधुओं ने उन्हें बधाइयां दीं। पिता मनीष राठौर ने भी अपने शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

**पिता की खुशी पत्रकार मनीष राठौर बोले-** पत्रकार मनीष राठौर ने कहा, मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मेरे बेटे परिणय ने प्रवीण्य सूची में उत्तीर्ण होकर मुझे गौरवान्वित किया है। मैं अपने शुभचिंतकों का आभारी हूं जिन्होंने मुझे बधाइयां दी हैं।

# केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रहेगें दो दिवसीय जिले के भ्रमण पर

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 मई एवं 11 मई 2025 को दो दिवसीय अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री सिंधिया 10 मई 2025 को सायं 06.45 बजे राजौरा महुआखेड़ा से प्रस्थान कर रात्रि 08.15 बजे हसारी आयेगें एवं रात्रि 08.45 बजे तक जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगें। रात्रि 08.45 बजे हसारी से प्रस्थान कर रात्रि 09.15 बजे हरकुण्ड चुंगी आयेगें एवं शोक संतृप्त परिवारों के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेगें। तत्पश्चात रात्रि 09.40 बजे किला कोठी चंदेरी पहुंचे एवं रात्रि विश्राम करेगें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 11 मई 2025



को प्रात॰10.15 बजे किला कोठी से प्रस्थान कर प्रात॰10.30 बजे नियर बस स्टेण्ड चंदेरी पहुंचेगे एवं विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। प्रात॰11.30 बजे बस स्टेण्ड चंदेरी से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे ग्राम कालीटोर चंदेरी पहुंचेगें एवं ग्राम चौपाल में भाग लेगें। दोपहर 01.15 ग्राम कालीटोर से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे ईसागढ़ पहुंचेगें। दोहपर 01.45 बजे से दोपहर 03.30 बजे तक नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम एवं दोपहर 03.30 बजे से दोपहर 03.45 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। तत्पश्चात ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेगें।

# जिले के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के बल पर अच्छा प्रदर्शन करते हुये प्रदेश को गौरवान्वित करते हैं-कलेक्टर श्री कोचर

## कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों का किया पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमाला से सम्मान

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं और 12 वीं के रिजल्ट जारी हो चुके हैं, दमोह जिले के दो छात्रों एवं एक छात्रा ने प्रवीण सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। इन विद्यार्थियों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपने चेम्बर में पुष्प गुच्छ एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और इसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जब जिले के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के बल पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित करते है। इसी सिलसिले में दमोह जिले के विद्यार्थियों से आज मुलाकात हुई और विद्यार्थियों को शुभकामना? दी है। विद्यार्थियों से चर्चा करने पर तीनों विद्यार्थियों ने बताया दो छात्र इंजीनियर बनना चाहते है, एक छात्रा डॉक्टर बनना चाहती है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हर संभव प्रयास करेंगे, ऐसे बच्चे पूरे जिले के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों, माता-पिता व टीचर्स को बधाई और शुभकामना दी। छात्रा गार्गी अग्रवाल ने बताया नवजागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से 12 वीं कक्षा में जीव विज्ञान संकाय से पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आज कलेक्टर सर से मुलाकात हुई, पुष्प गुच्छ भेंट किया है, इससे मुझे बहुत मोटीवेशन मिला है। मै आगे अपने माता- पिता का नाम रोशन करूंगी। छात्र भानु सिंह ठाकुर ने कहा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह से 8 वॉ स्थान पूरे मध्यप्रदेश में प्राप्त किया है। मेरे पिता किसान है, और मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नही है, मैनें कलेक्टर सर से कोचिंग के लिये मदद करने का आग्रह किया है, कलेक्टर सर ने मुझे आश्वस्त किया है की पढ़ाई में मदद की जायेगी। छात्र दिव्यांश यादव ने कहा, मै मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल जबेरा का छात्र हूँ मैं 98 प्रतिशत के साथ पूरे मध्यप्रदेश में 10 वॉ स्थान अर्जित किया है। इसमें मुझे प्राचार्य और उप प्राचार्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इससे मुझे कलेक्टर सर से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, सम्मान प्राप्त हुआ है।

# भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की संभावनाओं को लेकर महू में किया गया सिविल डिफेंस मॉकड्रिल

**महू** – अभी पंद्रह दिनों पहले पाकिस्तान से भारत में अनाधिकृत रूप से घुस आए आतंकवादियों ने जम्मू के पहलगाम में घूमने आए भारतीय पर्यटकों पर हमला कर लगभग 28 निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके चलते भारतीय वायु सेना ने इसके जवाब में 7 मई बुधवार रात 1 बजे के बाद पाक की इस नापाक हरकत पर पाक अधिकृत कश्मीर पर एयर स्ट्राइक कर कई आतंकियों और उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया था। इस एयर स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया था। जिसके कारण अब भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई है। जिसको देखते हुए एक अभ्यास के तौर पर बुधवार शाम पांच बजे महू शहर के ड्रीमलैंड चौराहे पर









एक बहु मंजिल ईमारत पर आम जन सुरक्षा के उद्देश्य से सिविल डिफेंस मॉकड्रिल की गई। जिसके तहत सायरन बजने के बाद ही ईमारत की तीसरी मंजिल पर अचानक से बम फटा और गहरा धुआं निकलने लगा। जिसकी सूचना मिलने पर शीघ्र ही शहर का स्थानीय प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ, जिसमें पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, स्वास्थ्य और बिजली विभाग की टीमें सम्मिलित थी, उनके द्वारा ईमारत में फंसे घायलों को रेस्क्यू करने मौके पर पहुंचे,और तत्परता से लगभग 15 से 20 मिनट में ही उपचार के लिए एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचने की प्रक्रिया की गई। उक्त सिविल डिफेंस मॉकड्रिल में ग्रामीण इंदौर पुलिस महानिरीक्षक सहित पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हितिका वासल, अति.पुलिस अधीक्षक महू ग्रामीण रूपेश द्विवेदी, महू अनुविभागीय दंडाधिकारी राकेश परमार और महू के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दिलीप सिंह चौधरी के साथ तालमेल बनाकर अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। मॉकड्रिल के दूसरे चरण में शाम 7॰30 से 7॰42 तक शहर में सभी नागरिक स्वयं ही अपने घरों की बिजली ओर बंद कर ब्लैक आउट की स्थिति में रहे। आपको बता दें, कि सिविल डिफेंस मॉकड्रिल युद्ध होने जैसे हालात पैदा होने पर एक तरह की प्रैक्टिस होती है, जिसमें युद्ध के दौरान यदि दुश्मन का विमान किसी ईमारत पर बम गिरा दे, तो ऐसी स्थिति में उसमें फंसे लोगों को कैसे बचाया जा सके।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहनो को प्रधान जिला न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**शिवपुरी!** इस शनिवार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा है। गत दिवस प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी ने प्रचार प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजना चतुर्वेदी एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ विजय तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता गण एवं अंकिता शांडिल्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी, आलोक श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**जन जागरूकता के लिए निकली बाइक रैली**– नेशनल लोक अदालत के प्रति जन जागरूकता के लिए गुरुवार को बाइक रैली निकाली गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेंद्र प्रसाद सोनी एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ विजय तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया।

# बुरहानपुर में दो दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन शिविर संपन्न, देशभर से पहुंचे प्रतिभागियों को मिला जीवन रक्षक प्रशिक्षण

**बुरहानपुर मध्यप्रदेश।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और जिला होमगार्ड बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन स्थानीय रेड क्रॉस भवन में किया गया। शिविर में देश के 12 राज्यों से आए लगभग 52 छात्र, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों में आवश्यक जीवन रक्षक तकनीकों की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी गई। प्राथमिक उपचार के मास्टर ट्रेनर एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. मनोज अग्रवाल ने प्रतिभागियों को सीपीआर, रक्तस्राव रोकने, बेहोशी की स्थिति में प्राथमिक देखभाल प्राथमिक चिकित्सा और बचाव जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक उपायों की जानकारी युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि वे दूसरों की मदद के लिए भी तत्पर रह सकते हैं। वहीं एसडीआरएफ टीम के जितेंद्र सिंह तोमर ने आपदा प्रबंधन के अंतर्गत आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा आपदा के समय घबराए बिना कार्य करने की व्यावहारिक जानकारी दी।






शिविर को जिला होमगार्ड की डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्रीमती मीनाक्षी चौहान ,रेडक्रॉस अध्यक्ष श्री रविंद्र गुप्ता , कादरिया स्कूल के प्राचार्य ,पूजा नागदा,सचिव श्री मनोहर देवके आदि ने भी संबोधित किया और प्राथमिक उपचार व आपदा प्रबंधन को सीखना जीवन का एक आवश्यक उपक्रम बताया। शिविर के दौरान बच्चों और नागरिकों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और विशेषज्ञों से जिज्ञासावश कई सवाल भी पूछे। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को को प्रमाण पत्र भी दिए गए। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर समाज में आपदा के प्रति सजगता और तैयारियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर परवेज़ खान बहादुर , अताउल्ला खान,राजेश भगत ,मनीष भट्ट,उमा कपूर ,श्री गांधी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# युवा टीम ने आयोजित के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 'मानवता की ओर एक और कदम' थीम पर कार्यक्रम, लोगो 150 लोग निशुल्क जांच से हुए लाभान्वित।

**उमरिया** – कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस बी चौधरी के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मां बिरसिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली में किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने जांच करा कर किया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर ,शुगर ,सिकल सेल, एचआईवी, सीबीसी व आदि जांच निशुल्क की गई। इस दौरान मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण कर शिविर में 120 से ज्यादा लोगों का परीक्षण किया गया और उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी व प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि युवा टीम मानव सेवा के लिए समर्पित रहती है।इस प्रकार के शिविर लगने से यह पहल एक




महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है. उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। स्वस्थ जीवनशैली में संतुलित भोजन नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद शामिल है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल चिकित्सा सुविधा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के प्रति सेवा, सहानुभूति और समर्पण के मूल्यों को प्रोत्साहित करना भी था। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखी गई।शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,रेवा शंकर, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम अनुराधा मिश्रा, कौशल्या सिंह, लैब टेक्नीशियन अमसिया सिंह ,शीतल साहू, टीम संयोजन हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, मुस्कान महोबिया, शिखा बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, वैष्णवी बर्मन, रुद्र प्रधान,अतिव्य रजक, आरुष शिवहरे, संजीवनी पटेल, माही पटेल, निरंजन कुशवाहा, नेहा सिंह, पलक सिंह रघुवंशी, स्नेहा सिंह, एवं सभी शामिल रहे।

# लव जिहाद के आरोपियों का निकाला गया जुलूस, दो दिनों से बंद बाजार खुले

**उज्जैन।** उज्जैन जिले के घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिछड़ोद



में लव जिहाद के आरोपियों का पुलिस ने जुलूस निकाला। इस जुलूस को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। बिछड़ोद नगर में पिछले दो दिनों से व्यापारियों ने आरोपियों के जुलूस की मांग को लेकर बाजार बंद कर रखा था। शुक्रवार को पुलिस द्वारा आरोपियों का जुलूस निकाले जाने के बाद नगर का बाजार पुन: खुल गया। जुलूस निकालने की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सख्त संदेश दिया गया है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता में विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई कि इससे अपराधियों में भय व्याप्त होगा तथा इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।



# जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की सोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न, आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट- रवि जोशी

## सोशल मीडिया सूचना का सबसे तेज हथियार , पहले देश फिर दल- रवि नाईक

**खरगोन**– आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजूट होकर सेना के पीछे चट्टान की तरह खड़ा है। कांग्रेस पार्टी सहित समूचे विपक्ष ने सरकार को इस मुद्दे पर पूरा समर्थन दिया है। उक्त बाते। पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि जोशी ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस सोशल मीडिया आई टी सेल की कार्यशाला में कही उन्होंने आगे कहा कि एकजुटता समय की मांग है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि हमारे लिये सबसे पहले देश फिर दल उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया वर्तमान में सूचना का सबसे तेज हथियार है जो इसका जितना अच्छे से उपयोग करेगा वह उतना आगे चलेगा। तकनीकी के युग में सोशल मीडिया हमारी जरूरत बन गया है।विधायक श्रीमति झूमा सोलंकी ने




अपने संबोधन में कहा कि खरगोन जिले में कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम बेहद सक्रीय है जिसकी चर्चा प्रदेश स्तर तक होती है हमें और भी नए साथियों को जोड़ना है। विधानसभा स्तर पर इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित होना चाहिए। दोप. एक बजे जिला कांग्रेस कार्यालय खरगोन में सम्पन्न हुई कार्यशाला में सबसे पहले सेना के शौर्य को याद करते हुए उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकता के साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया पश्चात कांग्रेस के कार्यकताओं को सोशल मीडिया चलाने के गुर सिखाए गए किस प्रकार से कांग्रेस की विचारधारा हर व्यक्ति पहुंचे। स्थानीय समस्याओं को भी इस माध्यम से उठाने की भीअपील की गई। आई टी सेल की कार्यशाला को सोशल मीडिया के अध्यक्ष महेन्द्र जाट, जिला महासचिव पूर्व आई टी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र भावसार, प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र चौधरी, अमित भालसे, रोहित सोलंकी, ओम यादव, लोकेंद्र गुर्जर, रामचन्द्र सोलंकी, नरेंद्र सोलंकी, ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परसराम पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष कादर बेग, डेविड बर्नार्ड, विजय कोचले, संजीव गांगुली, राजेन्द्र पंवार, कैलाश प्रजापत, मुकेश गोले सोशल मीडिया के सक्रिय कार्यकर्ता रोहित रांडवा, बलवंत मेवाड़, नानुराम परमार, रोहित बन्ना सिंह सोलंकी, भूषण वर्मा, अमित कुमार, सुनील रावल, जमील मिर्ज़ा, विनय राठौर, आनंद सोनी, अरविन्द चौधरी, ज्योति राठौड़, सुनील जाधव, दीपेश चौहान, शेख अफजल, महेश सोलंकी, तन्मय कुशवाह, रामेश्वर कुशवाह, संजय घीसालाल, बबन नारायण, राकेश यादव, प्रयांश पगारे, जितेंद्र तिराले, क्रिश पटेल, आवेश खान, ध्रुव सोनी, अनुराग हिरवे, मोहित कलमे, राधे गुप्ता आदि मौजूद थे।

# शासन स्थापना दिवस पर जैन श्री संघ ने ध्वजारोहण कर फहराया ध्वज

## प्रभु महावीर के जयकारों से गूंजा सुविधिनाथ जैन मंदिर परिसर

**उज्जैन।** महिदपुर रोड स्थानीय सुविधि नाथ जैन मंदिर परिसर मे वैशाख सुदी ग्यारस 8 मई गुरुवार को सकल जैन श्री संघ की उपस्थिति में शासन स्थापना दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत सभी समाज जनों एवं जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडियाकी उपस्थिति में सुबह 9॰00 बजे जैन शासन ध्वज को मंदिर प्रांगण में फहराया गया अक्षत और पुष्पों से शासन ध्वज पर वृष्टि कर बधाया गया साथ ही शासन गीत गाया, गया धूप-दीप से ध्वज का पूजन कर ध्वज को वंदन किया गया। तत्पश्चात सामूहिक जाप का आयोजन किया गया जिसमें सभी समाज जनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जैन धर्म में शासन स्थापना दिवस का विशेष महत्व है। आज का दिन जैन समाज के लिए गौरवशाली ऐतिहासिक एवं स्वर्ण के समान है। वैशाख सुदी दशमी के दिन 24वें तीर्थंकर शासन नायक प्रभु महावीर स्वामी जी को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था और वैशाख सुदी ग्यारस को प्रभु ने गौतम स्वामी आदि 11 गणधर एवं साध्वी चंदनबाला आदि को दीक्षा देकर जिन शासन की स्थापना की थी शासन ध्वज में पांच रंग होते हैं सफेद, लाल, पिला, हरा, काला



यह पांचो रंग नवकार महामंत्र पंच परमेष्ठी के वर्ण है अरिहंत का सफेद ,सिद्ध का लाल ,अचार्य भगवंत का पिला ,उपाध्याय भगवंत का हारा और साधु का काला रंग होता है इसलिए शासन के ध्वज में मुख्यत: पांच रंग होते हैं शासन ध्वज के मध्य में धर्म चक्र होता है वह अत्यंत प्रभावशाली होता है धर्म चक्र जैन शासन का प्रतीक चिन्ह है तीर्थंकर परमात्मा प्रभु जब दीक्षा की पश्चात विचरण करते थे तब उनके आगे धर्म चक्र चलता था जिससे सभी दुष्कृत होने वाले प्रभाव का नाश हो जाता है धर्म चक्र के प्रभाव से चारों दिशाओं में प्रेम और आनंद की अभिवृद्धि होती है शासन स्थापना दिवस के स्वर्णिम अवसर पर सकल जैन श्री संघ समाज के वरिष्ठ महानु भाव नवयुवक ,महिला, तरुण , बहू, बालिका परिषद ने उपस्थित होकर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि करी जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी

# पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पलेरा पुलिस द्वारा कट्टा दिखाकर मारपीट करने वाले आरोपी को अवैध कट्टा सहित 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़। घटना विवरण**– दिनांक 07.05.2025 को फरियादी कलू पिता बलू रैकवार उम्र 50 साल नि0ग्राम लारौन ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि दिनाँक 06.05.25 के रात्रि समय करीबन 11.00 बजे की बात है कि मैं व मेरी माँ गिरजाबाई घर के बाहर बैठे थे । मैं अपनी माँ गिरजाबाई से जमीन के बंटवारे को लेकर बात-चीत कर रहा था तभी मुर्राहाबंद का नरेन्द्र राजा आया और हमारी आपसी बात-चीत में दखल देने लगा । मैने नरेन्द्र राजा से कहा कि यह हमारा आपसी मामला है हम निपटा लेंगे तो इसी बात पर से नरेन्द्र राजा मुझे माँ-बहिन की गंदी-गंदी गालिया देने लगा मैने गालिया देने से मना किया तो नरेन्द राजा ने मेरी लात-घूसों से मारपीट कर दी और देशी कट्टा दिखाकर धमकी देने लगा, की रिपोर्ट पर अप.क्र.128/25 धारा 115(2),296,351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया । पुलिस कार्यवाही -उपरोक्त घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के दी गई जिनके द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया एवं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम,एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई,पुलिस टीम द्वारा आरोपी नरेन्द्र राजा की सघन तलाश की गई एवं संभावित स्थानों पर दबिश देकर 24 घंटे के अंदर आरोपी नरेन्द्र सिंह




बुन्देला पिता लल्लूराजा बुन्देला उम्र 48 साल नि.लारौन हाल मुर्राहाबंद थाना पलेरा को 12 बोर का देशी कट्टा एवं एक 12 बोर के जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया साथ ही प्रकरण मे धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया । आरोपी से जप्त सामग्री- 12 बोर का देशी कट्टा एवं एक 12 बोर का जिंदा कारतूस आरोपी की जानकारी नरेन्द्र सिंह बुन्देला पिता लल्लू राजा बुन्देला उम्र 48 साल निवासी ग्राम लारौन थाना पलेरा जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)सराहनीय भूमिका-

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक मनीष मिश्रा, प्रआर परशुराम रजक, प्रआर.रामकिशन अनुरागी, प्रआर मनमोहन रैदास, आर.ललित कुशवाहा, आर. रामप्रकाश अहिरवार, आर.बृजेन्द्र, आर दीपक मिश्रा, आर.नरेन्द्र पटेल, आर. ज्ञानसिंह सेंगर, चालक आर.सुमित दुबे की विशेष भूमिका रही ।